तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 होली त्योहार का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को किसी प्रकार...




11 मनुष्य में देवत्व का उदय गायत्री परिवार का...



## खबर संक्षेप

### 84 लाख रूपए की ठगी के मामले में दो पकड़ाए

**दल्लीराजहरा।** लगभग 84 लाख रूपए की ठगी के मामले में दल्ली राजहरा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रंजीत सिंह पन्नू की शिकायत पर लेट्स ट्रेवल्स फ्री के नाम पर एजेंसी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी के आरोप में नागेश कुमार धारा और उसकी सहयोगी आरती को मध्यप्रदेश के बालाघाट के बैहर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से लैपटॉप, दो मोबाइल और बैंक खाते में जमा 1 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध है। संयुक्त पुलिस टीम ने 8 मार्च को पुलिस रिमांड पर लिया और 10 मार्च को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बालोद भेज दिया।

### भाजपा ने सुनीता को किया निष्कासित

**गुरूर।** जनपद पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के कारण गुरुर जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू को 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि सुनीता साहू ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दौरान गुरूर जनपद पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े हैं। यह अनुशासन भंग करने का मामला है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने के आरोप में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

### करहीभदर में जिला स्तरीय पशु मेला व प्रदर्शनी कल

**बालोद।** पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम करहीभदर में 12 मार्च को जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव प्रदर्शनी एवं गौ पूजन का आयोजन किया गया है। मेला में प्रातः 8 बजे पंजीयन प्रारंभ होगा। समापन 12 बजे होगा। मेला में विभिन्न प्रकार के पशु, पक्षी, दुधारू गाय, भैंस, बछड़ा, बछिया, बकरी, बकरा, मुर्गा का प्रदर्शन किया जाएगा। चयन समिति द्वारा उत्कृष्ट पशु, पक्षियों को सम्मानित किया जाएगा। मेला में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर होंगी, अध्यक्षता जनपद पंचायत बालोद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया करेंगी।

## लोग सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मना सकें, इसलिए असामाजिक तत्वों पर करें कड़ी कार्रवाई

### एसएसपी रामकृष्ण ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने कार्यालय के सभा कक्ष में अपराध समीक्षा एवं आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी होली त्यौहार नगर की परम्परा के अनुरूप शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने, होली त्यौहार में विशेष सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये अपने-अपने थाना क्षेत्रों में यदि किसी प्रकार के असामाजिक तत्व हैं, तो उन संदिग्ध निगरानी बदमाशों पर निगाह रखने तथा आवश्यकतानुसार उचित कानूनी कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने कहा कि होली में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग सुचारू तौर पर रहे, होलिका दहन सुरक्षित एवं खुले स्थान हो जहां आसपास बिजली के तार, पैरावट, भूसा, सकरी गलियों में होलिका दहन न किया जाए। इसके अलावा बीच सड़क पर भी होली न जलाएं, जिससे यातायात एवं दुर्घटना से बचा जा सके। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने, बैठक में होली त्यौहार में शहर की सामाजिक सदभावना को हर हाल में बनाए रखने का आग्रह भी उपस्थित लोगों से करने, त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार ▶▶| शेष पेज 11 पर



#### सोशल मीडिया में द्वेष बढ़ाने वाले पोस्ट न हों

वरिष्ठ पुलस अधीक्षक श्री साहू ने बैठक में इस बात की ताकीद करते हुए कहा कि होली पर्व के दौरान सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार से धार्मिक, राजनितिक, सामाजिक द्वेष को बढाने वाले ऐसी कोई संदेशों को फॉरवर्ड न हो इस पर निगरानी करते हुए और अपने आस-पास के लोगों को ऐसा करने से रोकने समझाइश दे ओर असामाजिक तत्वों एवं निगरानी बदमाशों, गुण्डों,शराब पीकर हुल्लड़ या मारपीट करने वालों के विरूद्ध ठोस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने आगामी होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए अपने थाना क्षेत्र में स्वयं थाना प्रभारी को भ्रमण करने एवं निगरानी बदमाश, माफी एवं गुण्डा बदमाशो, सजायाब, सस्पेक्ट की चेकिंग करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**हादसा**

ग्राम सलधा-संडी के बीच पुल के पास मोड़ पर हुई दुर्घटना

## श्रद्धालुओं से भारी बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 15 घायलों में 6 लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिला मुख्यालय के समीप एवं पुलिस चौकी देवरबीजा के ग्राम संडी के प्रसिद्ध सिद्धि माता का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमें सवार 35 लोग दुर्घटना का शिकार हो गए।गौरतलब हो कि बेरला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम संडी में स्थित प्रसिद्ध मंदिर सिद्धि माता का दर्शन करने एवं बलि प्रथा का पालन करने प्रदेश के कोने-कोने तक लोग आते हैं। दर्शन एवं मन्नत पूरी करने बेरला ब्लॉक के निकटवर्तीय ग्राम कुसमी से 35 श्रद्धालु ट्रैक्टर में सवार होकर माता सिद्धि का दर्शन करने आये हुए थे। उसके बाद सभी लोग दर्शन करने के पश्चात घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि ग्राम सलधा-संडी के बीच पुल के पास मोड़ में अचानक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ड्राइवर अनियंत्रित हो गया, जिससे ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे जाने से पलट गई।

### ग्राम संडी स्थित प्रसिद्ध सिद्धि माता के दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु



#### बेरला चिकित्सालय में भर्ती कराए गए घायल

इस दुर्घटना में 15 लोग चोटें आई हैं, जिनमें से 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, उनमें से 1 की स्थिति ज्यादा गंभीर होने की जानकारी मिली है। इस घटना को देख प्रत्यक्षदर्शियों ने नजदीकी चिकित्सालय बेरला में 108 संजीवनी एक्सप्रेस में फोन लगाने के साथ ही पुलिस चौकी देवरबीजा को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही देवरबीजा चौकी प्रभारी संतोष ध्रुवे पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। सभी श्रद्धालुओं को बेरला चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजने के साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित रूप से कराएं आंखों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर चिकित्सकों ने दी सलाह

जिले में 9 से 15 मार्च तक 'विश्व ग्लूकोमा सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य ग्लूकोमा के बारे में जागरूकता फैलाना और समय पर जांच कराकर दृष्टिहीनता से बचाव करना है। इसका उद्घाटन जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया, जिसमें डॉ. स्वाती यदु, डॉ. विजया रमन राहायक, विजय कुमार देवांगन, दीपा शर्मा, दीपक साहू, और हाशिम खान सहित स्वास्थ्य कर्मी, मरीज और उनके परिजन उपस्थित रहे।

इस वर्ष का थीम है: ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना, जिसके तहत जिले के सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता अभियान और जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**धीमी गति से बढ़ने वाली अंधत्व की बीमारी है ग्लूकोमा :** डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि ग्लूकोमा (कॉचबिंद) आंखों में एक स्थिति है ▶▶| शेष पेज 11 पर

## महिला स्व-सहायता समूह ने कलेक्टोरेट में हर्बल गुलाल की बिक्री के लिए लगाए स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने स्टाल का किया अवलोकन, खरीदे गुलाल

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महीदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल ग़ुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए सोमवार को जिला कार्यालय परिसर में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने महिला समूह द्वारा लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा किये जा रहे उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ -साथ अतरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेयी,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश भारद्वाज सहित अधिकारी कर्मचारियों ने हर्बल ग़ुलाल खरीदे ।

महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किए गए हैं साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल, हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं । उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया की आज सुबह से ही हर्बल ग़ुलाल की लगातार बिक्री हो रही इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं ।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत हुई प्रतियोगिता में जिले के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

## राज्यस्तरीय दौड़ में जिले की भूमेकुमारी प्रथम, रंगोली में कल्पना को दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 एवं 6 मार्च स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के कुल 7 बच्चों ने भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। दौड़ प्रतियोगिता में भूमेकुमारी शासकीय हाई स्कूल, भरदाकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में कल्पना शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बालसमुंद ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इन विजेता बच्चों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। बच्चों की इस सफलता पर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, धनंजय प्रसाद शर्मा, रेणुका चौबे समावेशी शिक्षा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने न केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को निखारा बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस तरह की प्रतियोगिताएं समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होती हैं।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



# व्यापम ने पूछा-खाद्य पदार्थों में बेन्जोएट्स का प्रयोग क्यों, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम द्वारा आयोजित की गई यह इस वर्ष की पहली परीक्षा है। इसके लिए व्यापम को 67 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी संभागीय मुख्यालयों में व्यापम ने इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए थे। इनमें से 42 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए। विज्ञापन जारी होने के 17 माह बाद व्यापम द्वारा इसकी परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2023 अक्टूबर में इसके लिए आवेदन निकाले गए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए अधिसूचना व्यापम ने पूर्व में ही वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से जारी कर दी थी। इसके बाद 23 मार्च को व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा होगी। इसके बाद अप्रैल माह में व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला प्रारंभ होगा।

- रायपुर के 42 परीक्षा केंद्रों में हुई कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा
- 67 हजार उम्मीदवारों ने दिलाई थी परीक्षा, अक्टूबर 2023 में निकला था विज्ञापन

### उपस्थिति के आंकड़े नहीं

परीक्षा के दिन व्यापम की वेबसाइट पूरे दिन ठप रही। इसके कारण परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की सूचना परीक्षार्थियों को प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अलावा व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के उपस्थिति के आंकड़े भी साझा नहीं किए गए हैं। पूर्व में व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों की संख्या साझा की जाती थी। केंद्रों से अंतिम सूचना आने के बाद संख्या में कुछ परीक्षार्थियों की घट-बढ़ के चलते उत्पन्न हुए विवाद के बाद व्यापम द्वारा संख्या के स्थान पर परीक्षार्थियों का प्रतिशत साझा किया जाता रहा, लेकिन अब व्यापम द्वारा उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रतिशत साझा करने में आनाकानी की जा रही है।




### पूछे गए 100 सवाल

व्यापम की परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने निर्देश दिए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। 100 सवाल कैंडिडेट्स से पूछे गए। पद की प्रवृत्ति के आधार पर सभी सवाल विज्ञान आधारित रहे। इसमें खाद्य पदार्थों में बेंजोएट्स का प्रयोग क्यों होता है, पाई-बंध क्या है, विभिन्न गैस में अणुओं की संख्या, किस यौगिक से खाद्य तेलों का निर्माण होता है, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष खाद्य पदार्थ में सर्वाधिक होते हैं, हेरोइन किसका व्युत्पन्न है, मोनोमेट्रिक विधि का प्रयोग किसके मापन में होता है सहित आणविक द्रव्यमान व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास जैसे सवाल पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### पाइपलाइन बिछाने सड़क पर गड्ढा खोदा बढ़ी परेशानी

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव में अमृत मिशन योजना के तहत लोगों के घर पीने का साफ पानी पहुंचाने सड़क खुदाई की गई, पर पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन सही नहीं होने से लोग परेशान हैं। गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बिरगांव नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन ने महापौर और निगम के अधिकारियों पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन, समाजसेवी सरला-कमल देवांगन ने बताया कि 5 साल से बिरगांव में कछुए की चाल से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा पाइपलाइन से कनेक्शन दिया गया, वहां पर नल कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई हैं, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है।

### सिंधु संस्कार का होली मिलन, महिलाओं को किया सम्मानित




**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति ने महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नचरानी फार्महाउस पर किया। इस दौरान सभी महिलाओं को समिति के सदस्यों ने टीका लगाकर, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा और भावना चंदानी बताया कि मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी रहीं, वहीं महिला सिंधी पार्षद कंचन वाधवानी बिलासपुर, तारा रामानी बिल्हा, पलक सुखवानी तिल्दा, समाजसेवी एवं महिला थाने की काउंसलर सावित्री जगत ने अध्यक्षता की।मंजू सुंदरानी, रिचा ठाकुर, राशि बलवानी, संगीता शर्मा, एडवोकेट आशा दुबे, पुष्पा वल्र्याणी, किरण ठाकुर, जूही दरयानी, दीपिका जेठानी, सीमा नचरानी, पुरुष वर्ग में विशेष अतिथियों में पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्दाराम नेनवानी, देवानंद शर्मा, विजय मथानी, विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी ने बताया कि 20 मार्च को चेयरमैन पॉवर कंपनी ने द्विपक्षीय वार्ता करने पर सहमति व अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया है। साथ ही गर्मी के समय में आम नागरिकों को विद्युत सेवा बाधित होने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जारी क्रमबद्ध आंदोलन को एक निश्चित समय के लिए स्थगित किया गया है। इसके बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ की मांगों को यदि दरकिनार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

## पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में आ रही दिक्कत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, पुराना पंप बदलकर लगाएंगे 100 एचपी का मोटरपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी क्षेत्र के पुराने मोटरपंप को बदला जाएगा। इसकी जगह 100 एचपी क्षमता के नया मोटरपंप लगाने की तैयारी है। 75 एचपी के पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में दिक्कत आ रही है, इसलिए मोटरपंप बदला जाएगा। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से संबंधित वार्डों में अभी केवल वनटाइम एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि गंज पानी टंकी के कमांड क्षेत्र में पाइपलाइन टेस्टिंग के बाद सुबह-शाम एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी के मोतीबाग क्षेत्र स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से मोतीबाग, बैजनाथपारा, सिविल लाइन, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, गोलबाजार, मठपारा तात्यापारा और हांडीपारा इलाके में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा संबंधित इलाके में वर्तमान में केवल एक समय एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नया मोटरपंप लगाने के बाद संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर बढ़ाने में आसानी होगी।

### नई पाइपलाइन से ट्रायल के बाद वन टाइम वाटर सप्लाई, होली के बाद सुधरेगी स्थिति

#### 11 एमएलडी से बढ़कर 16 एमएलडी होगी जल आपूर्ति

मोतीबाग पानी टंकी वाले इलाके के लिए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से वर्तमान में 11 एमएलडी पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी सीजन के बाद 24 घंटे जलप्रदाय योजना पूरी तरह से शुरू होने पर 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी, यानी मोतीबाग पानी टंकी को 16 एमएलडी पेयजल मिलने लगेगा।




#### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में दोनों समय जल आपूर्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में शुरू किए गए पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डों में नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के साथ ही सुबह शाम 1-1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी के मौदहापारा, शिवनगर, रामसागरपारा, समता कालोनी क्षेत्र में यह व्यवस्था दी जा रही है।

# तीन दिन बाद होली, सरकारी अस्पतालों में अलर्ट, तैनात किए जाएंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिन बाद मनाई जाने वाली होली के दौरान किसी भी घटना-दुर्घटना में चोटिल होने वालों के तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था अलर्ट मोड पर रहेगी। होलिका दहन, रंगोत्सव के दिन केजुअल्टी के अलावा मेडिसिन, हड्डीरोग और न्यूरो विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल समेत जिला अस्पताल में भी इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

- केजुअल्टी के अलावा, मेडिसिन, आर्थो और न्यूरो विभाग में अघोषित इमरजेंसी

गुरुवार को होलिका दहन किया जाएगा और शुक्रवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली का असर राजधानी में दो दिन बाद नजर आने की संभावना बन रही है। होली के अवकाश के दौरान होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं के कारण चोटिल, पीड़ित व्यक्ति को आंबेडकर और जिला अस्पताल में इलाज देने की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विचार मंथन शुरू हो गया है। होली के दौरान गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश है, इसके बाद शनिवार और रविवार को भी अवकाश का माहौल रहेगा। इस दौरान सरकारी अस्पताल अघोषित रूप से इमरजेंसी मोड में रहेंगे।

### सीएचसी में भी तैनात रहेंगे स्टाफ

बड़े अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी होली में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि त्योहार के दौरान प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा किसी तरह की अन्य समस्या लेकर आने वालों को प्राथमिक उपचार के बाद ही बड़े संस्थान में रेफर किया जाएगा।

### त्वचा और नेत्ररोग डॉक्टर भी रहेंगे सक्रिय

होली के दौरान रंग-गुलाल के उपयोग की वजह से कई बार नेत्र और त्वचा से संबंधी परेशानी भी होती है, इसे ध्यान में रखते हुए दोनों विभाग के डॉक्टरों को भी सक्रिय रखा जाएगा। कई बार रंग अथवा गुलाल के उपयोग से आंखों में जलन सहित अन्य समस्या और त्वचा में एलर्जी संबंधी शिकायत लेकर भी लोग अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# होली में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, पुलिस की सवा सौ से ज्यादा टीमें करेंगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली पर्व के आते ही पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। साथ ही बीएसयूपी कॉलोनियों में दबिश देकर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार तड़के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में दबिश देकर 20 संदिग्ध, तीन आदतन बदमाशों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई करने सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा अफसर आरडीए कॉलोनी पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई तड़के 5 बजे शुरू की गई।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से बोरियाखुर्द में बाहरी संदिग्ध लोगों के आने की सूचना मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने आरडीए कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने कॉलोनी में रह रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के निर्देश दिए। साथ ही जो संदिग्ध मिले हैं, उनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने पुलिस ने एसएस रोल बनाकर संबंधित राज्यों के पुलिस की पास भेजे हैं।

### विवाद पर तुरंत थाने में दें सूचना

शुक्रवार को होली खेली जाएगी, उस दिन पवित्र रमजान महीने की जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नमाज पढ़ने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी अलग से गश्त करने निकलेगी। लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पुलिस ने अपील करने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी लोगों को अपने नजदीकी थाने में देने कहा है।

### होली के दिन क्रिकेट मैच बड़ी चुनौती

होली के दिन रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होना है। ऐसे में पुलिस को क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती होगा। क्रिकेट मैच के लिए लाइन के अलावा पड़ोसी जिलों से बल की व्यवस्था करने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।



### होली में हर थानों में चार-चार पेट्रोलिंग

होली की हुड़दंग रोकने जिले के सभी 33 थानों में चार-चार की संख्या में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। इसके अलावा डिवीजन स्तर पर राजपत्रित पुलिस अफसरों की अलग से पेट्रोलिंग टीम निकलेगी। इस तरह से जिले में पुलिस की सवा सौ से ज्यादा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दौड़ेंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतने के निर्देश

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी ने पुलिस को होली के दो दिन पूर्व से कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर थाने में खड़े करने के साथ ही होली के बाद कोर्ट में चालान पेश करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को हिरासत में लेने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

# पीएम मोदी की सभा 30 को बिल्हा के मोहभट्ठा में, तैयारी में जुटे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र में स्थिति मोहभट्ठा में एक विशाल आमसभा को संबोधित करने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खास बात ये है कि तैयारियों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी जुटे हैं। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिलासपुर में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर भी इस दौरान मौजूद थे।

### पीएम का आना सौभाग्य की बात

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ की सौगात लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।

### होगी तगड़ी व्यवस्था

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित आमसभा की तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

### प्रेस क्लब में महिला पत्रकार कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में विधायक निधि से महिला पत्रकार कक्ष निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। प्रेस क्लब में पहली बार महिला पत्रकार साथियों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त कक्ष मिल जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर समेत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला पत्रकार साथी मौजूद रहीं।

**सीएम ने किया महतारी वंदन कॉमिक्स का विमोचन:** **रायपुर।** महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन योजना पर सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया।

## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 37 सौ मेगावाट बिजली

# मार्च में पहली बार बिजली की खपत 6200 मेगावाट से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। बीते माह फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था कर रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### बिजली की कमी नहीं

फरवरी-मार्च में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। पूर्ति करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

\- **एसके कटियार,** एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है। सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर 35 सौ मेगावाट है, इससे ज्यादा बिजली लेने पर पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

# 24 को आएंगे नड्डा, उसके बाद ही बनेगी किरण की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त होने के पहले उनका इस माह रायपुर आगमन होने वाला है। उनके 24 मार्च को आने की संभावना है। उनके अध्यक्ष के रूप में इस अंतिम दौरे के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारी बदलेंगे, वही मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे नजर आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



- कार्यकारिणी में कई बदलाव के साथ मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी बदलेंगे चेहरे

### नई कार्यकारिणी की कवायद जल्द

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इसके बाद पंचायत चुनाव में भी भाजपा के हाथ बड़ी सफलता लगी है। भाजपा को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मिली बड़ी सफलता के कारण ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रायपुर आने का कार्यक्रम तय हुआ है। उनके इस दौरे में ही जहां प्रदेश के निगम, मंडल, आयोगों को लेकर बड़ा फैसला संभव है, वहीं साय मंत्रिमंडल के विस्तार पर भी चर्चा होने की संभावना है। यही नहीं, किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा होगी।

## खबर संक्षेप



### भरचट्टी स्कूल में कक्षा 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी विकासखंड बेरला में कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन भी किया गया। बच्चों को गुलाब लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी पेन भेंट किया गया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका नीतू परगनिया ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधान पाठक नीलकंठ साहू ने बुरी आदतों को छोड़ने और अनुशासन में रहने की सीख दी। सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किया । कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने नेवता भोज में हलवा-पूड़ी, दाल भात, सब्जी का आनंद लिये। कार्यक्रम में सभी शिक्षक प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, आशीष पांडेय, हीरकणी साहू, शिवकुमार मुक्ति, तरुण साहू, कमलेश्वरी सेन सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

### नांदघाट पंचायत में महिलाओं का किया गया सम्मान



**बेमेतरा/नांदघाट।** ग्राम पंचायत नांदघाट के पंच एवं पूर्व उपसरपंच आरिफ बांठिया ने महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने राजू पात्रे सरपंच नांदघाट की मौजूदगी पर नवनिर्वाचित महिलाओं के साथ-साथ ग्राम की महिलाओं का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों पूर्व सरपंच सरिता लाला कटारे, महिला पंच चंद्रिका निषाद, जानकी ध्रुव, उत्तरा निषाद, सोनिया बर्गो अमरीका यादव, तुलसी वैष्णो सुसीला अवस्थी उप सरपंच को श्रीफल व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव गणेश एवं पुरुष पंच भी उपस्थित थे।

### प्रधान आरक्षक भगवान सिंग की मौत, सरकारी आवास में बिस्तर पर मिली लाश

**बालोद।** कोतवाली थाना बालोद में प्रधान आरक्षक के पद में पदस्थ भगवान सिंग ध्रुव का रविवार और सोमवार की दरमियानी रात निधन हो गया है। उनका शव बिस्तर पर मिला है। प्रधान आरक्षक श्री ध्रुव ने मृत्यु से एक दिन पहले ही बालोद जिला अस्पताल में एक जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान किया था। कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पांडे से मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक भगवान सिंह अपनी ड्यूटी पूरी कर कोतवाली थाना से रविवार की रात लगभग 9 बजे बालोद के ही शासकीय क्वाटर गए। जहां खाना खाने के बाद सो गए थे। सोमवार की सुबह ड्यूटी पर नहीं आने और न ही फोन कॉल का जवाब नहीं देने पर थाना की टीम उनके शासकीय क्वाटर पहुंची।

## बैठक : त्योहार को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नागरिकों से की अपील

# होली त्योहार का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को किसी प्रकार से परेशानी अथवा असुविधा न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

होली त्योहार को देखते हुए कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू सहित राजनैतिक ,सामाजिक जनों के साथ जिले के थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रंगों का पर्व होली सहित विभिन्न त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बड़े ही उत्साह, ख़ुशी और शांति से मनाने की अपील करते हुए कहा कि 'होली सहित आगामी सभी त्योहार बड़े ही उत्साह ,ख़ुशी और शांति से मनाये। उन्होंने भीड़-भाड़ से भी बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि होली पर्व का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को किसी प्रकार से परेशानी अथवा असुविधा न हो। रंगों के इस पर्व में किसी पर न तो बलपूर्वक रंग लगाएं, न ही रंग के नाम पर ग्रीस, पेंट आदि का इस्तेमाल करें। रंगों के इस पर्व को सुरक्षात्मक और परस्पर भाईचारा के साथ मनाएं। उन्होंने ज़िले वासियों को होली की शुभकामना दी। वही एसपी रामकृष्ण साहू ने भी अपील की कि जिन्हें रंगों से परहेज है, उन्हें रंग ना लगाएं। अगर किसी कारण वश रंग के छीटें आ जाए तो बात को तूल ना दें। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी ना चलें, और प्रेशर हार्न वाली गाड़ियों पर सख्ती से चालानी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समयावधि व मापदंड के प्रतिकूल ध्वनि-विस्तारक यंत्र डीजे बजाए जाने पर भी पूर्ववत प्रतिबंध जारी रहेगा। होलिका दहन के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी तथा टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी। उन्होंने भी ज़िले के निवासियों को रंगों के पर्व होली की बधाई और शुभकामना दी।



**हर्बल रंग व गुलाल का उपयोग करने का आग्रह :** इसके अलावा आमजनों के साथ साथ जिला प्रशासन के अधिकारी से इस बार हर्बल गुलाल के रंगों से अपने परिवार के साथ होली का पर्व मनाने का आग्रह किया। सहायता समूह की स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएं दिन-रात हर्बल गुलाल तैयार करने में लगी है। इस गुलाल को लगाने से जहां चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। महिला स्व-सहायता समूह के जरिए में तैयार किए जा इन हर्बल गुलाल और हर्बल रंग की कई विशेषताएं हैं। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं गुलाल और रंग में महक के लिए भी फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, जो नुकसान करे।

### नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाएं




**बेमेतरा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक हुई। बैठक में जिला स्तर पर नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक की शुरुआत करते हुए नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशे के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विभिन्न नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित और समर्पित प्रयास की नींव रखें, जिससे भविष्य में नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने तंबाकू, गुटका, धूम्रपान पर भी नियंत्रण और कार्रवाई की बात कही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि ज़िले में नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों कुछ मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों के लिए चल रहे पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी दी और उनके सुधार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उपरोक्त बैठक में बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और समाज कल्याण,आबकारी विभाग आदि अधिकारी और जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्कूल और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाने पर बल दिया। कहा कि छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाये और उन्हें इससे दूर रहने की सलाह दी जाये।उन्होंने समाज कल्याण विभाग को विभिन्न प्रचार माध्यम के ज़रिए नशे के खिलाफ समाज में और जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने कहा।

कलेक्टर ने सभी विभागों को एकजुट होकर काम करने की अपील की और नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जाये।

#### सामूहिक प्रयास पर दिया जोर

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नशे के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित और समर्पित प्रयास की नींव रखें, जिससे भविष्य में नशे की समस्या को नियंत्रित किया जा सके।

## ग्राम ढनढनी में हुआ धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन



**नवागढ़।** धोबी समाज नवागढ़ का तहसील स्तरीय वार्षिक सम्मेलन जूनी सरोवर मेला स्थल ग्राम ढनढनी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू बघेल सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा थे, अध्यक्षता कुंवर सिंह निर्मलकर राज अध्यक्ष नवागढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि राकेश राजपूत मंडल अध्यक्ष मारो, परदेशी निर्मलकर राज अध्यक्ष पथरिया, केदार साहू जनपद सदस्य, आशीष जैन भाजपा नेता, मनहरण साहू भाजपा नेता, रावटे सरपंच धनौरा, आदि शामिल हुए। इस अवसर धनीराम निर्मलकर अध्यक्ष धोबी समाज, भागवत निर्मलकर उपाध्यक्ष, परमेश्वर रजक सचिव, देवप्रसाद रजक कोषाध्यक्ष, संतोष निर्मलकर सहसचिव एवं समाज प्रमुख पुनित निर्मलकर, हिमीत रजक, कंगला राम,आत्मा राम, राधेश्याम, रोहित, रमेश, डा. रामनाथ सहित धोबी समाज नवागढ़ तहसील के बंधु उपस्थित रहे।

## नगर में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई



**थानखम्हरिया।** नगर में श्री श्याम परिवार समिति द्वारा श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की निशान यात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। साजा रोड से, ब्राह्मण पारा, दाऊ चौरा, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, जयस्तंभ चौक, मुरारका चौक, गणेश ट्रेडर्स, से वापस अपने स्थान में पहुंची।सर्वप्रथम श्याम प्रभु की पूजा , अर्चना व निशान यात्रा की पूजा की गई । आयोजक के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। बाबा खाटू श्याम का श्याम गुणगान महोत्सव धूमधाम से देर रात तक चलता रहा।यात्रा में सजे खाटू श्याम बाबा की झांकी निकाली गई। श्याम भक्त बाबा का बीच-बीच में जयकारा लगाते रहे । शोभायात्रा के दौरान भक्त अपने हाथ में बाबा का ध्वज लेकर , पीले वस्त्र धारण कर, महिलाएं लाल पीली, साड़ी पहने हुए चल रही थी। डीजे पर बज रहे भजन बाबा सांवरे से मिलने चली। पर श्रद्धालु झूमते, गाते और श्याम के जयकारे लगाते नजर आए।कार्यक्रम की समाज के लोगों के द्वारा अन्य समाजों के द्वारा प्रशंसा की गई। इस दौरान श्रद्धालु महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला दाढ़ी में महिलाओं का किया गया सम्मान



**बेमेतरा/दाढ़ी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी के रसोईया महिलाओं का श्रीफल गुलाल लगाकर सम्मान किया गया जिसमें 5 वीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। बच्चों को पेन पेंसिल वितरण किया गया। संस्था के प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने 5वीं के बच्चों को जीवन में पढ़ाई लिखाई करने अच्छे मेहनत करने अपने स्कूल का नाम रौशन करने अपने माता पिता गुरु का नाम रौशन करने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में संस्था से महेश्वर सिंह चंदेल, आरती गुप्ता, भुनेश्वरी कुंभकार ,लालेश्वरी,उर्मिला साहू, डोमन धुर्वे, अनुसुइया निषाद ,ललिता कुंभकार एंव राजिम जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## सिंघरौर कुर्मी समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**बेमेतरा।** सिंघरौर कुर्मी समाज ने होली मिलन समारोह धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया । इस समारोह में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया । समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सदगुरु कबीर साहब की आरती पूजा से हुई, जिसके बाद समाज के गणमान्य नागरिकों ने अपनी अपनी बातें रखीं, जिसमें समाज को एकजुट होने, एक सूत्र में बंधने का संदेश दिया गया जिससे वातावरण रंगीन और जीवंत हो गया। समाज के सदस्य एक साथ रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सभी ने मिलकर जमकर होली के रंगों का आनंद लिया। समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने आपसी भाईचारे और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, दाऊ लुकेश वर्मा, दाऊ प्रमोद सिंह वर्मा, उमराव सिंह वर्मा, गौरी वर्मा, ललित वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, रामसहाय वर्मा, कपिल वर्मा, गप्पू दाऊ, लीलाराम वर्मा, गोवर्धन वर्मा, मिथलेश वर्मा हथमुडी, दहल वर्मा, मनीष वर्मा, बहल वर्मा, इन्दे वर्मा, राजेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा आदि उपस्थित थे।

## बिंदिया बिरेन्द्र जायसवाल बनीं ग्राम पंचायत छिरहा की उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी



छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार महिला प्रत्याशियों की जबरदस्त दमखम देखने को मिला । महिलाएं स्वयं जागरूक होकर लोगों को ग्रामीण विकास व दैनिक जीवन स्तर ऊँचा उठाने लोंगो में आत्मविश्वास जागृत करने स्वयं मैदान में अपनी दावेदारी प्रस्तुत किये । ग्राम पंचायत छिरहा में उप सरपंच चुनाव सम्पन्न हुआ । इस पंचायत में कुल 16 वार्ड से 16 पंच चुने गए हैं, यहाँ उप सरपंच निर्वाचन हेतु सरपंच सहित कुल 17 मत निर्धारित हैं, जिनमे से बिंदिया बिरेन्द्र जायसवाल व दिनेश विश्वकर्मा ने उप सरपंच हेतु अपनी दावेदारी प्रस्तुत किये । इस चुनाव में बिंदिया बिरेन्द्र जायसवाल ने 11 मत हासिल कर उप सरपंच निर्वाचित हुए, वही दिनेश विश्वकर्मा को 6 मत हासिल हुए । बिंदिया बिरेन्द्र जायसवाल की राजनीतिक सफ़र ग्राम पंचायत छिरहा के सरपंच बनने से प्रारंभ हुई । वे 2015 में सरपंच के रूप में निर्वाचित होकर महिलाओं के बीच अपनी अच्छी जनाधार बना रखी हैं । सरपंच रहते हुए उन्होंने अनेक ऐसे कार्य किये जो पंचायत के लिए मिल का पत्थर दिख रहा था । उन्होंने तालाब किनारे नाले को सुसज्जित कर साप्ताहिक बाज़ार व्यवस्था सुदृढ़ किये, सभी गलियों में नाली सहित सी.सी.रोड निर्माण कराए । महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाये तथा एक नियमित रोजगार की व्यवस्था किये । उनके द्वारा किये गए कार्य को लोग आज भी याद करते हैं । वर्तमान में छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला बेमेतरा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभा रही हैं । जहां अपनी समाज मे लोगों को जोड़ने तथा महिलाओं को स्वालंबी बनने हेतु जागरूक कर रही हैं ।

# कर्तव्य पथ पर महिला व पुरुष की भागीदारी समान है : निताशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- समाधान महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

समाधान महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववाद की अध्येता व शिक्षाविद् निताशा त्यागी, मानवीय शिक्षा शोध संस्थान अछोटी, दुर्ग थीं। उन्होंने बताया कि मानव रूप में स्त्री व पुरुष की भागीदारी कर्तव्य पथ पर एक समान हैं। इस मानसिकता से कार्य-व्यवहार करने पर जीवन में सुख, शांति, समृद्धि व आनंद का संचार होता हैं। महिला पुत्री, पत्नी व माता तथा पुरुष पुत्र, पति व पिता के संबंधों का समझदारी से निर्वाह करने पर पूर्णता के अर्थ में प्रमाणित होते हैं। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा ने इतिहास में महिलाओं के योगदान के महत्व साझा करते हुए बताया कि जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की भू मि का सराहनीय रही हैं। महिला पुत्री,पत्नी व माता के रूप में सदैव पूज्यनीय होती हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जहां नारियों की पूजा होती हैं ,वहां देवता निवास करते हैं। इनका सम्मान करना एवं बनायें रखना हमारे नैतिक जिम्मेदारी हैं। इस उपलक्ष्य में अतिथियों व शिक्षिकाओं का सम्मान महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल डायरी व श्रीफल से किया गया।कार्यक्रम को को-ऑर्डिनेट कराने में शिक्षक प्रतिनिधि श्रद्धा राजपूत व हुतेन्द्र कुमार सिन्हा ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दुर्ग से अनीता सिंह, महाविद्यालय केप्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, एनएसएस अधिकारी राजेश गजपाल एवं समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ. जी.डी. मानिकपुरी, रूपेंद्र डहरिया, नंदनी वर्मा, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, राजेंद्र वर्मा, राजेश यादव, तुकाराम जोशी, शुभम गजभिये, गायत्री राजपूत व अंशु दत्ता सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का हुआ प्रथम सम्मेलन

# जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने जिले के सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मेलन जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशों पर आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता जिला पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने की, जबकि उपाध्यक्ष खुशबु गोविंद वर्मा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। सम्मिलन में भाग लेने वाले अन्य सदस्यगणों में अंजली नंदराम गंधर्व, हरीश पंचराम साहू, बालकुमारी ध्रुव, शशि प्रभा गायकवाड़, सुशीला जोशी,अंजू बघेल, मधु राय, देवी परमेश्वर वर्मा, प्रीती गोवेन्द्र पटेल, अनिल वर्मा, अंजनी कुमार चंदेल, राहुल योगराज टिकरिहा प्रमुख रूप से शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथिगण में उप संचालक पंचायत प्रकाश कुमार मेश्राम, लेखाधिकारी लॉरेन्स कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश कंवर और अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सम्मिलन का समापन भविष्य में होने वाले पंचायत कार्यों की दिशा और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति सभी सदस्यों की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। सभी सदस्यों ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया, जिससे बेमेतरा जिले का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

#### सीईओ ने शासन की योजनाओं व पंचायत के कामकाज के संबंध में दी जानकारी

उद्घाटन समारोह के दौरान सभी नव निर्वाचित सदस्यों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, सभी सदस्यों को जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचित कराया गया। इस दौरान, जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने सदस्य जनों को पंचायत के कामकाज, और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रमुख योजनाओं की जानकारी में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाले वित्तीय सहयोग, स्वच्छ भारत मिशन, और स्थायी समितियों के गठन से जुड़ी जानकारी शामिल थी। इन योजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए जिला पंचायत की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport